देहरादून | सोमवार • 06.05.2024

my city अमर उजाला

02

amarujala.com/dehradun

अब एक क्लिक में मिलेगा इंजीनियरिंग के छात्रों का रिकॉर्ड

यूटीयू ने वेबसाइट पर लॉन्च किया स्कॉलर्स एट ए ग्लांस, रोल नंबर या जन्मतिथि से मिल जाएगी छात्र की पूरी जानकारी

अंकित गर्ग

अमर उजाला एक्सक्लूसिव

देहरादून। अब इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ने वाले किसी भी छात्र की मार्कशीट समेत सभी प्रकार का डाटा एक क्लिक पर विवि की वेबसाइट पर देखा जा सकेगा।

खास बात यह है कि यह एकीकृत डाटा केवल छात्र ही नहीं, बल्कि अभिभावक समेत कोई भी व्यक्ति देख सकेगा। इससे सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि अभिभावक हर पल छात्रों के एकेडमिक रिकॉर्ड को लेकर अपडेट रह सकेंगे।

विवि की ओर से वेबसाइट पर विगत आठ अप्रैल को स्कॉलर एट ए ग्लांस ऑप्शन लॉन्च किया गया है। इस ऑप्शन पर क्लिक करने से अभिभावकों के सामने छात्रों की सभी सेमेस्टर की अंकतालिओं, कक्षा में उपस्थिति समेत सभी तरह की जानकारी होगी। बता दें कि इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों के सामने अंकतालिकाएं मिलने में देरी, अंकतालिका के गुम हो जाने या किसी कारण से कॉलेजों की ओर से छात्रों को अंकतालिकाएं नहीं दिए जाने से छात्रों को परेशानी होती थी।

अभिभावक भी हर पल छात्र के एकेडमिक रिकॉर्ड को लेकर अपडेट रह सकेंगे

लेकिन अब वेबसाइट पर स्कॉलर एट ए ग्लांस ऑप्सन पर क्लिक करने पर रोल नंबर या जन्मतिथि के आधार पर छात्र अपना समस्त एकेडमिक रिकार्ड देख सकते हैं।

इसमें सभी सेमेस्टरों की मार्कशीट देखने को मिलेगी, साथ ही उपस्थिति समेत अन्य जानकारी भी होगी। छात्र से संबंधित जानकारी को उनके अभिभावक भी देख सकेंगे। इससे अभिभावक भी छात्र के एकेडमिक रिकॉर्ड को लेकर जागरूक रहेंगे। यही नहीं कक्षाओं में अनुपस्थित रहने पर भी अभिभावक भी छात्र की खबर ले सकेंगे। संवाद

> “ विवि ने वेबसाइट पर स्कॉलर एट ए ग्लांस का ऑप्शन लॉन्च किया है। इस पर क्लिक करने पर छात्र सभी सेमेस्टर की अंकतालिकाओं समेत संपूर्ण विवरण हासिल कर सकता है। यही नहीं रोल नंबर और जन्मतिथि के आधार पर उनके अभिभावक भी हर समय छात्र के रिकॉर्ड की जानकारी हासिल कर सकते हैं। - **डॉ. ओंकार सिंह**, कुलपति, यूटीयू